नामांक Roll No.

No. of Questions — 30
No. of Printed Pages — 3

S—98—Social Science (D & D)

माध्यमिक (मूक बधिर) परीक्षा, 2015

सामाजिक विज्ञान

(SOCIAL SCIENCE)

समय : $4\frac{1}{4}$ घण्टे

पूर्णांक : 80

परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :

1. परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न पत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें।
2. **सभी** प्रश्न करने अनिवार्य हैं।
3. प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर-पुस्तिका में ही लिखें।
4. जिन प्रश्नों में आन्तरिक खण्ड हैं, उन सभी के उत्तर एक साथ ही लिखें।
5. प्रश्नों के अंकभार उनके सम्मुख अंकित है।
6. प्रश्न संख्या 30 मानचित्र कार्य से संबन्धित है। मानचित्र को उत्तर पुस्तिका के साथ नत्थी करें।
7. प्रश्न संख्या 27 तथा 29 में आन्तरिक विकल्प हैं ।

1. भारत में बाजरा उत्पादक प्रमुख राज्य कौनसा है ? 1

2. भारत के किन दो बन्दरगाहों से विदेशों के साथ व्यापार होता है ? $\frac{1}{2} + \frac{1}{2} = 1$

3. मुद्रा के आधुनिक रूप, करेंसी में क्या-क्या शामिल हैं ? $\frac{1}{2} + \frac{1}{2} = 1$

4. ऋण की कोई एक शर्त बताइये। 1

5. जॉबर कौन था ? 2

6. फ्लाई शटल के बारे में आप क्या जानते हैं ? 2

7. नवम्बर 1887 के खूनी रविवार से क्या अभिप्राय है ? 2

8. गोदान उपन्यास के लेखक कौन थे ? इससे समाज का कौनसा वर्ग प्रभावित हुआ ? 1 + 1 = 2

9. औद्योगीकरण के किन दुष्प्रभावों से प्रेरित होकर चार्ल्स डिकेन्स ने अपने उपन्यासों की रचना की थी ? 2

10. प्रधानमन्त्री ग्रामीण सड़क परियोजनाओं के बारे में आप क्या समझते हैं ? 2

11. आन्दोलन के **दो** प्रकार कौनसे हैं ? 1 + 1 = 2

12. राजनीतिक दलों के लिये **दो** सुझाव दीजिये। 1 + 1 = 2

13. बहुराष्ट्रीय कम्पनियाँ अन्य कम्पनियों से किस प्रकार भिन्न हैं ? 2

14. भारत में उपभोक्ता दिवस कब एवं क्यों मनाया जाता है ? 1 + 2 = 3

15. चॉलों के बारे में आप क्या समझते हैं ? 3

16. लन्दन को साफ सुथरा बनाने के लिये उपाय लिखिये। 3

17. 19 वीं सदी के दौरान छापेखाने की तकनीक में कौनसे सुधार हुए ? कोई तीन कारकों को स्पष्ट कीजिये। 1 + 1 + 1 = 3

18. 'परीक्षा गुरु' नामक उपन्यास से लेखक ने युवाओं को क्या संदेश दिया है ? 3

19. एक पेय फसल का नाम बताइये तथा उसको उगाने के लिये भौगोलिक परिस्थितियों का विवरण दीजिए। 3

20. दबाव समूह क्या है ? कुछ उदाहरण देकर समझाइये। 2 + 1 = 3

21. राजनीतिक दल जनमत का निर्माण कैसे करते हैं ? 3

22. वैश्वीकरण से आप क्या समझते हैं ? अपने शब्दों में स्पष्ट कीजिये। 3

23. उपभोक्ता का शोषण करने वाले कौनसे कारक हैं ? किन्हीं तीन की चर्चा कीजिये।

1 + 1 + 1 = 3

24. निम्नलिखित पर टिप्पणी लिखिये : 2 + 2 = 4

क) गुटेनबर्ग प्रेस

ख) वर्नाक्यूलर प्रेस एक्ट।

25. 'भारत में सौर ऊर्जा का भविष्य उज्ज्वल है।' क्यों ? अपना मत स्पष्ट कीजिये। 4

26. 'भारत में रसायन उद्योग तेजी से विकसित हो रहा है।' इस कथन पर अपने विचार व्यक्त कीजिये। 4

27. आप लोकतन्त्र को अन्य शासन व्यवस्थाओं से बेहतर मानते हैं, क्यों ? स्पष्ट कीजिये।

1 + 1 + 1 + 1 = 4

अथवा

लोकतान्त्रिक व्यवस्थाओं को स्वयं भी दो शर्तों को पूरा करना होता है। इन शर्तों को स्पष्ट कीजिये। 2 + 2 = 4

28. लोकतन्त्र को किस प्रकार राजनीतिक तौर पर सुधारा जा सकता है ? 4

29. ऋण से आप क्या समझते हैं ? भारत में ऋण उपलब्ध करवाने वाले स्रोतों को स्पष्ट कीजिये। 1 + 3 = 4

अथवा

एक अर्थव्यवस्था में मुद्रा की भूमिका को स्पष्ट कीजिये। 4

30. भारत के मानचित्र में निम्नलिखित को दर्शायें :

(i) दो अभ्रक प्राप्ति के स्थानों को चिह्नित कीजिये। 1 + 1 = 2

(ii) दो अन्तरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को चिह्नित कीजिये। 1 + 1 = 2

नामांक Roll No.

S—98—Social Science (D & D)

माध्यमिक (मूक बधिर) परीक्षा, 2015

SOCIAL SCIENCE



S–40988